"On the first day of Ashadha, he beheld a cloud embracing a mountain peak, beautiful as an elephant sporting against an embankment."

King looking at a cloud in a night sky. Meghadoota illustration. Guler School of Pahari painting.

The first day of Ashadha marks one of the most evocative moments in the Indian calendar. It signals the arrival of the monsoon, the season that transforms parched landscapes into realms of abundance and beauty. For generations of Indians, however, the day is remembered not merely as a meteorological event but as a literary and emotional landmark, immortalized by the great Sanskrit poet Kalidasa in his masterpiece, *Meghadoota* (The Cloud Messenger).

The poem opens with the celebrated phrase:

आषाढस्य प्रथमदिवसे मेघमाश्लिष्टसानुं
वप्रक्रीडापरिणतगजप्रेक्षणीयं ददर्श ।

"On the first day of Ashadha, he beheld a cloud embracing a mountain peak, beautiful as an elephant sporting against an embankment."

With these words, Kalidasa ushers us into a world where nature and human emotion become inseparable.

The protagonist of Meghadoota is a Yaksha, a celestial being often described as a nature spirit and an attendant of Kubera, the lord of wealth. The Yaksha has been cursed by his master and banished from his celestial city for one year. The opening verse introduces him with remarkable tenderness:

कश्चित् कान्ता विरहगुरुणा
स्वाधिकारात् प्रमत्तः
शापेनास्तंगमितमहिमा वर्षभोग्येण भर्तुः ।
यक्षश्चक्रे जनकतनयास्नानपुण्योदकेषु
स्निग्धच्छायातरुषु वसतिं रामगिर्याश्रमेषु ?

"A certain Yaksha, rendered careless in his duties by the heavy sorrow of separation from his beloved, was deprived of his glory by a curse from his lord. Condemned to a year's exile, he dwelt in the hermitages of Ramagiri, amid sacred waters associated with Sita, daughter of Janaka, and beneath the cool shade of trees."

Kalidasa locates the Yaksha at Ramagiri, generally identified with modern-day Ramtek in Maharashtra. The setting is serene: sacred pools, hermitages, and shady groves. Yet, the beauty of nature offers little solace. The Yaksha is consumed by longing for his wife, who remains far away in Alaka, the celestial city near Mount Kailasa. Months pass in loneliness. Then comes the first day of Ashadha.

Looking up, the Yaksha sees a rain cloud resting upon a mountain peak. Kalidasa compares the cloud to a playful elephant pressing against a hillside. To most people, it would be an ordinary sign of the monsoon. To the Yaksha, it is something much more. After months of isolation, the cloud appears like a visitor, a companion arriving from afar. The Yaksha knows, of course, that a cloud is merely a combination of smoke, lightning, water, and wind. Yet, intense longing changes the way human beings experience the world. A lover burdened by separation begins to converse with rivers, trees, birds, mountains, and clouds. The distinction between the living and the non-living becomes blurred by emotion.

This insight remains timeless. In the film *Cast Away*, a shipwrecked man stranded alone on an island for years begins talking to a volleyball, imagining it to be his friend. Solitude creates companionship where none exists. In much the same way, the Yaksha of Meghadoota, isolated in the forests of Ramagiri, imagines the cloud to be a conscious being capable of understanding human sorrow. He greets the cloud with affection and reverence. Then, he makes an extraordinary request: carry a message to my beloved.

This simple act of imagination becomes the foundation of one of the world's greatest poems. The cloud is transformed into a messenger, entrusted with conveying the Yaksha's words from Ramagiri in central India to the distant Himalayan abode of his wife near Mount Kailasa.

The journey that follows is far more than a geographical itinerary. As the cloud travels northward, Kalidasa unfolds a magnificent panorama of the Indian landscape. Rivers, mountains, forests, villages, cities, temples, and fertile plains pass before the reader's eyes. The poem becomes a literary map of India, painted with extraordinary sensitivity and detail.

The cloud crosses rivers swollen by rain, glides over mountain ranges, pauses above prosperous cities, and brings relief to farmers awaiting the monsoon. Every landscape is animated by emotion. Nature is not merely scenery; it participates in the drama of longing. The swelling rivers mirror overflowing feelings, while the lifegiving rains symbolize hope, renewal, and eventual reunion.

At its heart, Meghadoota is a poem about separation. Yet, it is equally a poem about imagination. The Yaksha's loneliness transforms a passing cloud into a friend, a traveler, and a messenger. Through this act of poetic vision, Kalidasa reveals a profound truth about human experience: when separated from those we love, we seek companionship everywhere, in the wind, in the rain, in the mountains, and in the clouds.

That is why the first day of Ashadha continues to resonate across centuries. The arrival of the monsoon is not only a climatic event; it is also a cultural memory. Each year, when dark rain clouds gather on the horizon, they evoke the image of the lonely Yaksha at Ramagiri gazing skyward. In that cloud, he saw not merely water and vapor, but a bearer of hope, capable of carrying the burden of his heart across the vast expanse of India.

THE WALL



BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott

ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



संक्षिप्त

खेत में घुसकर किसान पर हमला

निवाई, (निस)। बरोनी थाना क्षेत्र के मोटूका गांव में चार कारों में सवार होकर आए दबंगों ने खेत में काम कर रहे एक किसान पर हमला बोल दिया और लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की। बरोनी थानाधिकारी नारायणलाल गुर्जर ने बताया कि किसान गोपीलाल निवासी मोटूका अपने खेत पर कार्य कर रहा था, तभी अचानक चार कारों में सवार होकर पहुंचे बदमाशों ने उस पर धावा बोल दिया और उसके साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीढ़ एकत्रित हो गई। ग्रामीणों ने घायल किसान को निवाई उप जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना की सूचना पर बरोनी थाना पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। उन्होंने बताया कि मामला जमीनी विवाद से जुढ़ा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया

मनोहरपुर, (निस)। नगर कांग्रेस कमेटी मनोहरपुर की ओर से शुक्रवार को किशनगढ़ मोढ़ पर कांग्रेस नेता का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई तथा राहुल गांधी के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम में नगर कांग्रेस अध्यक्ष अलादीन खान, सेवादल अध्यक्ष राकेश हलकारा, पूर्व सरपंच अर्जुन मोहनपुरिया, विक्रम धोलीवाल, महेश जढ़वाल, निसार खान, ताराचंद बेनीवाल, रामस्वरूप बेनीवाल, बालूराम यादव, बलराम जाट सहित बढ़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने तथा जनहित के मुद्दों पर मिलकर कार्य करने का संकल्प भी लिया।

जुआ खेल रहे 4 जने गिरफ्तार

निवाई। बरोनी थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर ताश-पती पर जुआ खेल रहे 4 जनों को गिरफ्तार किया है। बरोनी थानाधिकारी नारायणलाल गुर्जर ने बताया कि पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशों के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव व डीवाईएसपी रामअवतार के सुपरविजन में गठित टीम ने सार्वजनिक स्थान पर ताश-पती पर जुआ खेलने वालों पर कार्रवाई करते हुए गांव सोहेला में सार्वजनिक तालाब की पाल पर ताश-पती पर जुआ खेलते हुए आरोपी लालाराम बैरवा निवासी बोरखंडी, राजेश गुर्जर, ललित जांगिढ़ व तुलसीराम गुर्जर तीनों निवासी सोहेला को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के कब्जे से 9 हजार 640 रूपए की जुआ राशि जब्त की है।

शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण

फुलेरा, (निस)। फुलेरा में आयोजित शहरी सेवा शिविर का शुक्रवार को उपखण्ड अधिकारी, सांभरलेक ऋषिराज कपिल ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शिविर में उपस्थित नागरिकों से संवाद कर विभिन्न विभागों द्वारा दी जा रही सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उपखण्ड अधिकारी ने मौके पर ही 5 जन्म प्रमाण पत्र लाभार्थियों को वितरित किए। वहीं अधिशाषी अधिकारी शिवराज कृष्णा ने सोहनलाल को पट्टा प्रदान किया। शिविर में विभिन्न जनसेवा कार्यों के तहत कुल 13 जन्म प्रमाण पत्र, 3 पट्टे, 2 एनओसी, 4 जॉब कार्ड, 4 नामांतरण तथा 2 निर्माण आज्ञाएं जारी की गईं।

आरोपी गिरफ्तार

फुलेरा, (निस)। पुलिस थाना फुलेरा ने मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले का सफल खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के पास से ट्रेनों में यात्रियों से चोरी किए गए दो मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। आरोपी रामप्रसाद आदिवासी कोल निवासी मेहर (मध्यप्रदेश) को गिरफ्तार किया।

कार्यकारिणी का विस्तार

लालसोट, (निस)। सर्व समाज महिला विकास समिति लालसोट तहसील की कार्यकारिणी का विस्तार शुक्रवार को जिला अध्यक्ष उर्मिला जोशी एवं समिति की तहसील संरक्षक मीनू बाई (बुआजी) की सहमति तथा दौसा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष नम्रता शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया।

बम्बोरा शिविर में बिजली-पानी की समस्या पर लोगों का फूटा गुस्सा

किशनगढ़बास, (निस)। ग्राम बम्बोरा के अटल सेवा केंद्र पर शुक्रवार को लगे ग्रामीण सेवा शिविर में पूर्व विधायक रामहेत यादव और एसडीएम सत्यवीर सिंह यादव के सामने गांव के लोगों का बिजली-पानी की समस्या पर गुस्सा फूट पढ़ा। महिलाओं की पानी की और गांव के गिरधारी लाल की बिजली समस्या पर पूर्व विधायक रामहेत यादव ने पानी बिजली विभाग के अधिकारियों की क्लास ली और जेईएन को 2 दिन में आपूर्ति सुचारू करने के सख्त निर्देश दिए।

शुक्रवार को ग्राम बम्बोरा के अटल सेवा केंद्र पर राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में पहुंचे भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने ग्रामीणों की जन समस्याएं सुनकर मौके पर ही अधिकारियों से निस्तारण करवाया।

शिविर में पूर्व विधायक रामहेत यादव ने पानी की शिकायत पर पेयजल अभियंता को सख्त निर्देश दिए।

शिविर में गांव के गिरधारी लाल ने बताया कि लाइट की समस्या से लोग परेशान हैं। इस पर पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने मौके पर मौजूद जेईएन को फटकार लगाते हुए समस्या का तुरंत समाधान करने को कहा तथा 2 दिन में लाइट सुचारू रूप से चलाने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार गांव की महिलाओं ने बताया कि जाटव बस्ती सहित पूरे गांव में पीने के पानी की भारी समस्या है। गर्मी में लोग प्यासे मर रहे हैं। इस पर

- एसडीएम और पूर्व विधायक ने 2 दिन में लाइट सुधारने के दिए निर्देश, अभियंता को लगाई फटकार

पूर्व विधायक ने मौके से ही सहायक अभियंता शक्ति सिंह से बात की और पानी की समस्या दूर करने को कहा।

सहायक अभियंता ने पूर्व विधायक रामहेत यादव को बताया कि एक बोरिंग में पानी की मोटर फंस गई थी जिसे कल निकाल लिया गया है। शीघ्र ही बोरिंग से पानी चालू कर दिया जाएगा। साथ ही गांव में जेजेएम मिशन के तहत भी कार्य चल रहा है। टंकी में पानी का रिसाव हो गया था, जिसे ठीक कर योजना के अंतर्गत भी पानी उपलब्ध कराया जाएगा

शिविर में पूर्व विधायक ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करवाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग से आयुष्मान कार्ड पंजीकरण, वितरण और टीबी के मरीजों की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों की निजी समस्याएं भी सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी सतवीर यादव, तहसीलदार अभिषेक यादव, भाजपा मण्डल अध्यक्ष मनोज मित्तल, जिला उपाध्यक्ष राजेश बटवाडा, महामंत्री जेपी यादव, मण्डल उपाध्यक्ष तेजसिंह सैनी, प्रकाश प्रजापत, एमपीएस रामस्वरूप मेघवाल, सुरेन्द्र सिंह लम्बू, गिरधारी लाल, सतपाल चौधरी, रतनलाल पंजाबी सहित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली

कोटपूतली, (निस)। ग्राम गोपालपुरा स्थित श्री सीताराम मंदिर में श्री नारायण दास सेवा समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से ग्रीष्मकाल पंचग्ना तपस्या संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। यह धार्मिक आयोजन श्री श्री 1008 श्री रघुवंश दास जी महाराज व मंदिर के पुजारी श्री रविन्द्र दास जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित किया जा रहा है। कथा के प्रथम दिन शुक्रवार को गोपालपुरा और आसपास के क्षेत्रों से आई सैकड़ों महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर मंगल कलश धारण कर भव्य कलश यात्रा निकाली। गाजे-बाजे और ठाकुर जी के जयकारों के साथ इस कलश यात्रा ने पूरे नगर का भ्रमण किया, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय और दिव्य हो उठा। कलश यात्रा के पहुँचने के बाद विधिवत रूप से कथा ज्ञान यज्ञ की शुरुआत की गई।यह कथा यज्ञ 19 जून से शुरू होकर आगामी 25 जून तक निरंतर जारी रहेगा।

अलवर के 16 वार्डों में सीवर लाइन का काम दो साल से अधुरा

अलवर, (निस)। अलवर शहर के 16 वार्डों में अमृत-2 योजना के तहत डाली जा रही सीवर लाइन जनता के लिए बड़ी मुसीबत बन गई है। दो साल बीतने के बाद भी काम आधा-अधूरा है और एक भी घर को कनेक्शन नहीं मिला है। हर तरफ खुदी पड़ी सड़कें अब हादसों को न्योता दे रही हैं।

- एक भी घर को कनेक्शन नहीं मिला, हर तरफ खुदी पड़ी सड़कें हादसों को न्योता दे रही हैं
- अमृत-2 योजना के तहत सरकार ने गुजरात की एक एजेंसी को 138 करोड़ रुपए का काम दिया था, डेढ़ साल में पूरा काम होना था
- सीवर लाइन डालने में देरी हो रही है, इसके लिए एजेंसी को चेताया गया है, अब आगे लापरवाही पर एक्शन लेंगे - आयुक्त, नगर निगम

अलवर शहर के 16 वार्डों में सीवर लाइन आधी-अधूरी डाली गई है। कई एरिया छोड़ दिए गए। इन वार्डों की सड़कें बार-बार तोड़ी जा रही हैं, लेकिन कनेक्शन एक भी घर में नहीं दिया गया। ऐसे में जनता को गंदगी से राहत नहीं मिल रही है।नगर निगम को इसकी मॉनिटरिंग करनी थी, लेकिन इस पर काम नहीं हो रहा है। शहर के वार्ड नंबर 4, 10, 11, 20 समेत 16 वार्डों को सीवर लाइन से जोड़ना था। अमृत-2 योजना के तहत सरकार ने गुजरात की एक एजेंसी को 138 करोड़ रुपए का काम दे दिया। डेढ़ साल में पूरा काम होना था, लेकिन दो साल हो गए। शहर के इन वार्डों की सड़कें खोद दी गई, जिनमें आए दिन वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। नगर निगम भुगतान पर जोर दे रहा है, लेकिन काम की गति कितनी धीमी है, इससे कोई मतलब नहीं है। जनता परेशान है। आए दिन शिकायतें हो रही है। वार्ड नंबर चार से सीवर लाइन डालने का काम सबसे पहले शुरू हुआ, लेकिन यहां कई गलियां छोड़ दी गईं।

निवर्तमान पार्षद ज्योति जाटव का कहना है कि कभी चैंबर के लिए रोड तोड़ रहे हैं, तो कभी डीसी लगाने के लिए। एक भी घर में कनेक्शन नहीं किया गया, जबकि कई बार अधिकारियों से भी कहा गया। जनता परेशान है। सड़कों के गड्ढे जानलेवा हैं। वार्ड नंबर 10 में सीवर लाइन डाल दी गई।

निवर्तमान पार्षद महेश नायक का कहना है कि एक भी घर में कनेक्शन नहीं किया गया। दो साल से काम चल रहा है, पता नहीं कब पूरा होगा। नगर निगम की सीवर लाइन पंचवर्षीय योजना हो गई, जो पांच साल में ही पूरी होगी।

वार्ड 11 के निवर्तमान पार्षद देवेंद्र रसगनिया का कहना है कि उनके वार्ड में अभी तक सीवर लाइन पहुंची ही नहीं। जनता इंतजार कर रही है। एजेंसी पर एक्शन निगम को लेना चाहिए, लेकिन उस पर मेहरबानी की जा रही है।

सोहन सिंह नरूका, आयुक्त, नगर निगम का कहना है कि सीवर लाइन डालने में देरी हो रही है। इसके लिए एजेंसी को चेताया गया है। अब आगे लापरवाही पर एक्शन लेंगे।

डीग रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

डीग, (निस)। भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष गिरीश शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उत्तर मध्य रेलवे आगरा मंडल के नाम डीग रेलवे स्टेशन प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर स्टेशन पर आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की।

ज्ञापन में शर्मा ने बताया कि अमृत भारत योजना में शामिल होने के बावजूद डीग रेलवे स्टेशन अभी भी

- अमृत योजना में शामिल होने के बावजूद नहीं जल रहीं स्ट्रीट लाइटें, दो साल से बंद पढ़ा शौचालय और रिजर्वेशन काउंटर खोलने की उठाई मांग

कई मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। डीग लिंक रोड से रेलवे स्टेशन तक लगी स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से बंद पढ़ी हैं। जबकि रात साढ़े 9 बजे और तढ़के करीब 1 बजे ट्रेनों का आवागमन होता है, जिनमें बढ़ी संख्या में महिला यात्री भी सफर करती हैं। अंधेरा होने से यात्रियों की सुरक्षा को लेकर हमेशा खतरा बना रहता है।

कार्यकर्ताओं ने उत्तर मध्य रेलवे आगरा मंडल के नाम डीग रेलवे स्टेशन प्रभारी को ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने बताया कि करीब दो वर्ष पूर्व लाखों रुपये की लागत से स्टेशन परिसर में शौचालय का निर्माण कराया गया था, लेकिन निर्माण के बाद से ही वह बंद पढ़ा है और आज तक आम यात्रियों के लिए शुरू नहीं किया गया। इसके अलावा जिला मुख्यालय होने के बावजूद डीग रेलवे स्टेशन पर आरक्षण काउंटर नहीं होने से यात्रियों को टिकट आरक्षण के लिए गोवर्धन, मथुरा अथवा अलवर जाना पढ़ता है, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पढ़ रहा है।

भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही रिजर्वेशन काउंटर सहित अन्य सुविधाएं शुरू नहीं की गईं तो पुन: आंदोलन और अनशन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान विजय अरोढ़ा, रौनक, टोनी, विवेक, रोहित और सौरव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मनोहरपुर सहित आसपास में पांच माह में 56 लोगो को कुत्तों ने काटा

मनोहरपुर, (निसं)। कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले पांच माह में आवारा कुत्तों के काटने से करीब 56 लोग घायल हो चुके हैं, जिनका उपचार राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। शुक्रवार को एक बार फिर आवारा कुत्ते ने तीन लोगों को काट लिया। जिनको उपचार के लिए राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया। आसपास के क्षेत्र में इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक हो रहा है। कुत्ते मौका मिलते ही लोगों को अपना शिकार बना लेते हैं। आवारा कुत्ते ने प्रतापपुरा-बिशनगढ़ तिराहे पर तीन लोगों पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। कुत्ते ने यश यादव , दिनेश सैनी तथा कमली देवी को काटकर गंभीर घायल कर दिया। जिनको उपचार के लिए राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनोहरपुर, शाहपुरा भेजा गया। जहां घायलों का उपचार जारी हैं। समाजसेवी महेश जड़वाल ने मामले कि सूचना नगरपालिका को दी। जिसके बाद पालिका कर्मचारियों की टीम मौके पर पहुंची ओर मामले की जानकारी कर कुत्ते को पकड़वाया। वहीं आवारा कुत्ते ने तीन लोग को अपना शिकार बनाने के बाद एक लावारिस गाय को भी काटकर

- प्रतापपुर बिशनगढ़ तिराहा पर आवारा श्वानों तीन जनों को काटा

घायल कर दिया। कुत्ते के तीन लोगों को काटने की घटना के बाद से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है ग्रामीण महेश जड़वाल, नरेश कुमार, गोपाल सैनी, बनवारी यादव, कानाराम यादव, बलराम जाट, रामेश्वर यादव, रोहतास सैनी एवं विकास यादव सहित अन्य ग्रामीणों ने नगर पालिका से आवारा कुत्तों को पकड़ने की मांग की है।

राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कुत्तों के काटने के संदर्भ में आने वाले मरीजों को ए आर वी डोज एंटी रेबीज़ लगाई जाती हैं। यहां चिकित्सालय में एंटी सीरम लगाने की व्यवस्था नहीं है जिसके लिए मरीज को शाहपुरा रेफर किया जाता है। क्योंकि चिकित्सालय में फिजिशियन नहीं है। नगर पालिका ने करीब 1 साल पूर्व कुत्तों को पड़कर उनकी नसबंदी करने और उनके एंटी रेबीज दवा लगाने के लिए 8 लाख का टेंडर छोड़ा था जिसके बाद कस्बे की शिव कॉलोनी में स्थित विद्यालय में करीब 150 कुत्तों को पकड़कर उनकी नसबंदी कर रेबीज के टीके लगाए गए थे।

'योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं'

कोटपूतली, (निस)। जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग, कोटपूतली-बहरोड़ के संयुक्त तत्वावधान में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय समारोह राजकीय पाना देवी कन्या महाविद्यालय, कोटपूतली के प्रांगण में प्रात: 6 बजे से 8 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम में जिले के नागरिकों, विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी कर योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आव्हान किया गया है।

योग दिवस समारोह के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं आमजन में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण एवं आयुर्वेद विभाग के सहायक निदेशक डॉ. मुकेश कुमार आर्य ने ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ई-रिक्शा नगर क्षेत्र में भ्रमण कर नागरिकों को 21 जून को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय योग दिवस समारोह में सहभागिता के लिए प्रेरित करेगा तथा योग के स्वास्थ्य लाभों की जानकारी देगा।

एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि योग स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का महत्वपूर्ण आधार है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति के शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक शांति एवं भावनात्मक संतुलन को भी बढ़ावा मिलता है।

उन्होंने आमजन से अपील की कि वे योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं तथा योग दिवस समारोह में उत्साहपूर्वक भाग लें।

- कोटपूतली-बहरोड़ में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय समारोह 21 जून को राजकीय पाना देवी कन्या महाविद्यालय में आयोजित

आयुर्वेद विभाग द्वारा जिला स्तरीय योग दिवस समारोह को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। जिलेभर में योग के महत्व एवं इसके लाभों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने सभी विभागों, संस्थाओं एवं आम नागरिकों से कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता करने का आग्रह किया है।

नीलम पत्थर के लालच में भगवान लक्ष्मीनारायणजी की मूर्ति तोड़ी

जयपुर। आमेर क्षेत्र के साईवाड़ गांव स्थित प्राचीन ठाकुर लक्ष्मीनारायण जी मंदिर से अष्टधातु की बहुमूल्य मूर्ति चोरी होने के मामले का पुलिस ने गांव के ही एक युवक को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक विधि से संघर्षरत बालक को निरुद्ध किया गया है। आरोपियों ने मूर्ति के भीतर कीमती नीलम पत्थर या अन्य बहुमूल्य रत्न होने के लालच में उसे चोरी कर खंडित कर दिया और उसके टुकड़ों को ज्वार के खेत में दबा दिया था।पुलिस के अनुसार 5 जून 2026 की रात गांव में बिजली गुल होने का फायदा उठाकर आरोपियों ने मंदिर से भगवान लक्ष्मीनारायण की करीब दो फीट ऊंची अष्टधातु की मूर्ति चुरा ली। जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी गणेश शर्मा ने खुद को संदेह से दूर रखने के लिए बेहद शातिर तरीका अपनाया।मामले में साईवाड़ गांव स्थित प्राचीन मंदिर के पुजारी रामजीलाल शर्मा ने 5 जून को आमेर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले में गणेश शर्मा निवासी जमवारामगढ को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा एक विधि से संघर्षरत बालक को भी निरुद्ध किया।

सार-समाचार

प्रशिक्षण शिविर का समापन

देवली, (निस)। 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाए जाने के लिए उपखंड स्तरीय तैयारिया जोर शोर से शुरू हो गई है। योग दिवस के नोडल अधिकारी डॉ पी एल जांगिड़ ने जानकारी में बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का दौर लगातार जारी है। इसी के चलते शुक्रवार को दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ है। तो वही उक्त प्रशिक्षण शिविर में उपखंड की प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर योगाभ्यास कराने वाले योग शिक्षकों को प्रोटोकॉल के अनुसार प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।, इस प्रशिक्षण में शारीरिक शिक्षकों और आयुर्वेद विभाग के योग शिक्षकों ने भाग लिया है। जानकारी के अनुसार ब्लॉक नोडल अधिकारी डॉ. पीएल जांगिड़ ने सभी योग शिक्षकों को अपने पंचायत मुख्यालय पर आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों को सफल बनाए जाने के लिए प्रोटोकॉल के अनुसार अनुशासित,व्यवस्थित और उचित प्रबंधन बनाए रखने के निर्देश जारी किये है। तो वही इस मौके पर नोडल अधिकारी जांगिड़ ने उपस्थित प्रतिभागियों से अपने जीवन में योग को अपनाने और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने की बात भी कही है। डॉ जांगिड़ ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सहायक नोडल अधिकारी डॉ. हजारीलाल बैरवा, हीरालाल और मनोज कुमार इत्यादि उपस्थित रहे है।

योग दिवस पोस्टर का विमोचन

टोंक, (निस)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर विनोद कुमार मीना ने शुक्रवार को टोंक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर एडीएम ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है। उन्होंने आमजन से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में अधिकाधिक भागीदारी निभाने का आह्वान किया। आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक रामसहाय बैरवा ने बताया कि रविवार, 21 जून को जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम पुलिस परेड ग्राउण्ड टोंक में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा आमजन की सहभागिता रहेगी। उन्होंने कहा कि योग दिवस के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

मनोहरपुर की इंदिरा कॉलोनी में जेसीबी ने साफ किया जाम नाला

मनोहरपुर, (निस)। कस्बे की इंदिरा कॉलोनी में स्थित गंदे पानी की निकासी के मुख्य नाले की शुक्रवार को करीब 20 वर्षों बाद सफाई करवाई गई। लंबे समय से जाम पढ़े नाले की सफाई के लिए लगभग 7 घंटे तक जेसीबी मशीन चलाकर उसमें जमा कचरा, गाद और झाढ़ियां हटाई गईं, जिससे क्षेत्रवासियों को बढ़ी राहत मिली है। जानकारी के अनुसार इंदिरा कॉलोनी में करीब एक किलोमीटर लंबा बरसाती नाला है, जिसमें वर्षों से गंदा पानी, कचरा और मलबा जमा होने के कारण पानी की निकासी पूरी तरह बाधित हो गई थी। ग्रामीणों की मांग पर नगर पालिका के सफाई ठेकेदार कृष्ण कुमार सोमजाट मौके पर पहुंचे और जेसीबी मशीन की सहायता से नाले की व्यापक सफाई करवाई। सफाई अभियान के दौरान बढ़ी मात्रा में कचरा और गाद बाहर निकाली गई। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि नाले की करीब 7 घंटे तक सफाई कर पानी निकासी की व्यवस्था को सुचारू बनाया गया है। साथ ही नाले को धूलेश्वर नाले से जोड़कर स्थायी निकासी व्यवस्था विकसित की जाएगी, जिससे भविष्य में जलभराव की समस्या से राहत मिल सकेगी। क्षेत्रवासियों ने वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होने पर नगर पालिका प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए नाले के स्थान पर पक्की नाली निर्माण की मांग भी उठाई है।

युवाओं का संवाद कार्यक्रम आयोजित

कोटपूतली, (निस)। कस्बे के डाबला रोढ़ स्थित महात्मा बुद्ध संस्थान द्वारा संचालित स्वयंसिद्धा आश्रम में शुक्रवार को वृद्धजनों के साथ युवाओं का संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के निर्देशानुसार चल रहे इस अभियान के चौथे दिन युवाओं ने सेवा और संवाद की मिसाल पेश की। आश्रम परिसर में इलाईट फाउण्डेशन से जुढ़े युवा योगेन्द्र शर्मा, प्रदीप कसाना, दिनेश गुर्जर, दीपक सैनी और नितेश कुमार पहुंचे। युवाओं ने सबसे पहले पूरे आश्रम परिसर की साफ-सफाई में हाथ बंटाया। इसके बाद उन्होंने वहां रह रहे बुजुर्गों के साथ बैठकर लंबी चर्चा की और उनकी समस्याओं तथा स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। युवाओं ने बुजुर्गों को भरोसा दिलाया कि समाज हमेशा उनके साथ खढ़ा है। इस दौरान आश्रम के मैनेजर कानाराम, योगा शिक्षक ताराचन्द सैनी, चंचल, नर्सिंगकर्मी मुकेश कुमार, सुरेन्द्र कुमार, राजकुमार, राधेश्याम और आश्रम के सभी आवासी सदस्य उपस्थित रहे। संस्थान के सचिव ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से युवा पीढ़ी में बुजुर्गों के प्रति सम्मान और सेवा की भावना मजबूत होती है।

ज्ञापन सौंपा

टोंक, (निस)। गत दिनों सआदत अस्पताल में दम तोड़ने वाले ज्वाली गांव के शिवजीराम यादव के मामले को लेकर यादव सामाजिक संगठनो ने शुक्रवार को शहर में रैली निकालकर धरना प्रदर्शन करते हुए प्रमुख मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट और एसपी ऑफिस पहुंचकर ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में बताया कि ज्वाली निवासी शिवजी लाल यादव की तबीयत खराब होने के बाद उसके बेटे महेंद्र यादव ने शिवजी लाल को सआदत अस्पताल भर्ती कराने के लिए ले जा रहे थे, तभी पुलिस लाइन के पास यातायात पुलिसकर्मियों ने उन्हे रोककर चालान काटने के लिए एक घंटा तक परेशान किया। इस दौरान शिवजीलाल का बेटा गिड़गिड़ाता रहा कि उसके पापा के सीने में जोरदार दर्द है, उन्हें जाने दो, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उनकी नहीं सुनी। इसके चलते शिवजीराम की तबियत ज्यादा बिगड़ती है, गाड़ी छुड़ाने में करीब एक घंटा का समय लग गया। इसके बाद महेंद्र अपने पिता को अस्पताल ले गया, जहां उसने करीब आधा घंटा में ही दम तोड़ दिया।

पुलिस पर मारपीट व अभद्रता का आरोप

टोंक, (निस)। देवली में रेगर समाज विकास समिति ने शुक्रवार को उपखंड अधिकारी रूबी अंसार को राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए दूनी में पुलिस द्वारा एक व्यक्ति के साथ कथित मारपीट मामले में उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया कि गत 14 जून को दूनी के रेगर मोहल्ला निवासी भागचंद रेगर के साथ पुलिस ने अमानवीय व्यवहार किया। पीड़ित के अनुसार, दो पक्षों के बीच हुए झगड़े के दौरान घर के बाहर खड़े भागचंद को दूनी थानाधिकारी व अन्य पुलिसकर्मी द्वारा बिना पूछताछ के गिरफ्तार करना बताया। रेगर समाज समिति ने आरोप लगाया कि तीनों पुलिसकर्मी ऑन-ड्यूटी शराब के नशे में थे, उन्होंने थाना परिसर में पीड़ित को लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा, जिससे उसकी पसलियां और रीढ़ की हड्डी टूट गईं, इसके साथ ही, पीड़ित से खाली कागजों पर जबरन हस्ताक्षर कराने का भी गंभीर आरोप है। घटना के बाद ग्रामीणों ने थाना परिसर के बाहर धरना देकर न्याय की मांग की थी।

प्रधानमंत्री ने 15 लाख युवाओं को 2400 करोड़ रु. प्रोत्साहन राशि हस्तांतरित की

उन्होंने कहा कि ''भारत के लिए दुनिया दरवाजे खोल रही है, 40 देश के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हुआ''

जयपुर(कासं)।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने "पीएम विकसित भारत रोजगार योजना" के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि युवा, भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं और देश का हुनर, कौशल एवं संभावनाएं असीम हैं। युवाओं की क्षमता को अवसरों में बदलने के लिए यह योजना मील का पत्थर साबित हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में देशभर के 15 लाख युवाओं को लाभान्वित करते हुए 2400 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों को दी जा रही यह प्रोत्साहन राशि केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि उनके परिश्रम और प्रतिभा का सम्मान है। सरकार युवाओं और उद्योग जगत के सामूहिक प्रयासों से विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पीएम-वीबीआरवाई आज न केवल पहली नौकरी पाने वाले युवाओं को सशक्त बना रही है, बल्कि उद्योगों को भी रोजगार सृजन के लिए प्रोत्साहित कर रही है।प्रधानमंत्री ने कहा कि योजना के माध्यम से अब तक 70 लाख से अधिक रोजगार सृजित हुए हैं तथा 20 लाख से अधिक नवनियुक्त युवा अपनी नियुक्ति के छह माह पूर्ण कर चुके हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश में 2 लाख से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप सक्रिय हैं और वैश्विक स्तर पर भारत के लिए नए अवसर खुल रहे हैं। 40 देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) से 'मेक इन इंडिया' उत्पादों को नए बाजार उपलब्ध हो रहे हैं, जिससे रोजगार और आर्थिक विकास को गति मिल रही है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेते हुए निजी क्षेत्र में नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व से आज देश बदल रहा है और एक नए भारत का निर्माण हो रहा है। सरकार एक ओर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही है तो दूसरी ओर उद्योगों और कारोबार को प्रोत्साहन देकर आर्थिक विकास को गति दे रही है। प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल में देश के युवाओं के लिए रिकॉर्ड 17 करोड रोजगार का निर्माण किया है, वर्ष 2004 से 2014 तक केवल 2.92 करोड़ रोजगार के अवसरों का ही सृजन हुआ था। साथ ही जहां वर्ष 2014 से पहले देश में केवल 19 प्रतिशत लोगों (लगभग 25 करोड़) को सामाजिक सुरक्षा मिलती थी, वहीं आज देश के 64.3 प्रतिशत यानी करीब 94 करोड लोग सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आ चुके हैं।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेते हुए निजी क्षेत्र में नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रोजगार सृजन, कौशल विकास और युवा सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।कार्यक्रम में सांसद राव राजेंद्र सिंह, विधायक कालीचरण सर्राफ, संबंधित विभागों के अधिकारी, निजी नियोक्ता एवं नवनियुक्त कार्मिक उपस्थित रहे।

- **युवाओं के हुनर, कौशल और सामर्थ्य से साकार होगा विकसित भारत का सपना : नरेन्द्र मोदी**
- **'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना से मिला सामाजिक सुरक्षा का कवच, 70 लाख से अधिक रोजगार सृजित'**

40 पुलिस निरीक्षकों के तबादले

जयपुर। राजस्थान पुलिस मुख्यालय ने शुक्रवार को महकमे में एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 40 पुलिस निरीक्षकों (सीआई) के तबादले और पदस्थापन के आदेश जारी किए हैं। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (कार्मिक) बीजू जॉर्ज जोसफ द्वारा जारी इस आधिकारिक सूची में सबसे ज्यादा गाज जयपुर पुलिस कमिश्नरेट पर गिरी है, जहाँ बड़े स्तर पर बदलाव देखने को मिले हैं।

इस फेरबदल की सबसे खास बात यह रही कि स्थानांतरित किए गए अधिकांश पुलिस अधिकारियों को फील्ड पोस्टिंग से हटाकर विशेष इकाइयों और विभिन्न रेंजों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। माना जा रहा है कि यह कदम कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

जयपुर कमिश्नरेट से हटाकर कई सीआई को अजमेर, उदयपुर, कोटा रेंज, बीकानेर, जोधपुर कमिश्नरेट, सीआईडी (सीबी), एटीएस-एसओजी (एटीएस-एसओजी) और जीआरपी में भेजा गया है। कई अनुभवी अधिकारियों को सामान्य पुलिस थानों की कमान से मुक्त कर सीआईडी (अपराध शाखा) और अन्य तकनीकी व विशेष विंग्स में तैनात किया गया है। अरविंद सिंह शेखावत को बीकानेर रेंज से हटा कर जयपुर कमिनश्रेट में लगा गया है। सतपाल सिंह को जयपुर कमिनश्रेट से कोटा रेंज का पदभार सौपा गया है। सतीश चंद को जयपुर कमिश्नरेट से अजमेर रेंज में नियुक्त किया गया है। साथ इन्हे अपनी नई जिम्मेदारी संभालने के निर्देश दिए गए हैं।

जयसिंहपुरा खोर में दो अवैध पटाखा गोदामों पर पुलिस की छापेमारी

- **पुलिस ने मौके से 3710 किलो से ज्यादा विस्फोटक सामग्री जब्त की**

जयपुर। राजधानी जयपुर में अवैध पटाखों और विस्फोटक सामग्री के कारोबार के खिलाफ जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने कार्रवाई करते हुए जयसिंहपुरा खोर थाना क्षेत्र में संचालित दो अवैध पटाखा गोदामों पर छापेमारी की। इस संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने 26 विभिन्न ब्रांड के 560 कार्टून अवैध विस्फोटक सामग्री और बारूद जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बरामद विस्फोटक सामग्री का कुल वजन 3710 किलोग्राम से अधिक बताया गया है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) संजीव नैन ने बताया कि सीएसटी को मित्तल कॉलेज रोड स्थित दुकान संख्या-18 भारती पटाखा गोदाम में अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री रखे होने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस टीम ने छापा मारकर भारी मात्रा में पटाखे और बारूद जब्त किया।

जहां मौके से दीपक खंडेलवाल (38) निवासी कांजी नगर आगरा रोड जामडोली को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से 18 विभिन्न ब्रांड के 495 कार्टून विस्फोटक सामग्री, जिनका कुल वजन 1631.950 किलोग्राम है, तथा 3 से 4 किलोग्राम खुला बारूद बरामद किया।इस संबंध में जयसिंहपुरा खोर थाने में मामला दर्ज किया गया है। इसी कार्रवाई के दौरान पुलिस ने रूपा की नांगल नायला रोड स्थित ड्रीम पैराडाइज फार्म हाउस परिसर में बने एक स्टोर पर भी दबिश दी। यहां पूर्णिमा पटाखा गोदाम के समीप अवैध रूप से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री रखी हुई मिली। पुलिस ने मौके से राजू शर्मा (45) निवासी रूपा की नांगल जयसिंहपुरा खोर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 8 ब्रांड के 65 कार्टून अवैध विस्फोटक सामग्री बरामद की गई, जिनका कुल वजन 2078 किलोग्राम बताया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार रिहायशी और गैर-अधिकृत क्षेत्रों में इतनी बड़ी मात्रा में बारूद एवं विस्फोटक सामग्री का भंडारण किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता था। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि दोनों स्थानों पर बिना आवश्यक सुरक्षा मानकों और अनुमति के विस्फोटक सामग्री संग्रहित की जा रही थी।पुलिस अब गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है कि इतनी बड़ी मात्रा में पटाखे और विस्फोटक सामग्री कहां से लाई गई थी तथा इसे किन क्षेत्रों में सप्लाई किया जाना था। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

रीको की प्रत्यक्ष आवंटन योजना के 11वें चरण में 400 से अधिक आवेदन

जयपुर। राजस्थान में उद्यिमयों-निवेशकों को पारदर्शी एवं सरल आवंटन प्रक्रिया से औद्योगिक भूखण्ड उपलब्ध कराने के लिए रीको द्वारा संचालित प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 को भरपूर समर्थन मिल रहा है। योजना के 11वें चरण में निवेशकों ने 265 औद्योगिक भूखण्डों के लिए 440 ऑनलाइन आवेदन किए हैं, जो राजस्थान में औद्योगिक निवेश करने के लिये निवेशकों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

रीको द्वारा इस चरण में निवेशकों को राज्य के 105 औद्योगिक क्षेत्रों में 5000 से अधिक औद्योगिक एवं लॉजिस्टिक भूखण्ड उपलब्ध कराए गए थे। इन भूखण्डों का कुल क्षेत्रफल लगभग 260 एकड़ तथा अनुमानित मूल्य करीब 300 करोड़ रुपये है। इस 11वें चरण के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की लॉटरी 22 जून 2026 को निकाली जाएगी। इनमें अजमेर के आईजीपी आईटी पार्क माकड़वाली के लिए 21, अलवर के औद्योगिक क्षेत्र आईजीपी रूंध सोखरी के लिए 82, बालोतरा के बोरावास कलावा प्रथम के लिए 12, बोरानाडा के बोरानाडा विस्तार औद्योगिक क्षेत्र के लिए 27 एवं औद्योगिक क्षेत्र कांकाणी के लिए 19, झुंझुनूं के औद्योगिक क्षेत्र मलसीसर के लिए 12 तथा जयपुर के श्रीराम जानकी औद्योगिक क्षेत्र, कुंजबिहारीपुरा के लिए 13 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

रीको के प्रबंध निदेशक सुरेश कुमार ओला ने बताया कि राज्य सरकार का उद्देश्य राजस्थान को निवेश और उद्योग के लिए सर्वाधिक अनुकूल क्षेत्र के रूप में विकसित करना है। निवेशकों के साथ किए गए एमओयू शीघ्र धरातल पर उतरें, नए उद्योग स्थापित हों तथा राज्य में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित हों, इसके लिए रीको प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। प्रत्यक्ष आवंटन योजना इस दिशा में एक प्रभावी एवं परिणामकारी पहल साबित हो रही है।

10 लाख की नकबजनी करने वाला नौकर ही निकला मास्टरमाइंड

जौहरी बाजार स्थित कुर्ती की दुकान मे हुई वारदात का खुलासा

- **पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की रकम में से 7.90 लाख रुपए बरामद**
- **वारदात का पर्दाफाश करने के लिए पुलस ने 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले**

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। परकोटा क्षेत्र के जौहरी बाजार स्थित एक कुर्ती दुकान में हुई दस लाख रुपए की सनसनीखेज नकबजनी का माणकचौक थाना पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। इस मामले में सबसे चौंकाने वाला खुलासा यह हुआ कि चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला कोई बाहरी बदमाश नहीं,बल्कि दुकान में कार्यरत 21 वर्षीय नौकर ही निकला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई रकम में से 7 लाख 90 हजार रुपए बरामद कर लिए हैं। चोरी के बाद दुकान की ऊंचाई से छलांग लगाने के कारण आरोपी के दोनों पैर फ्रैक्चर हो गए थे, लेकिन इसके बावजूद वह नकदी लेकर मौके से फरार हो गया था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (जयपुर उत्तर) करण शर्मा ने बताया कि परकोटा क्षेत्र के जौहरी बाजार स्थित एक कुर्ती दुकान में हुई दस लाख रुपए की सनसनीखेज नकबजनी का माणकचौक थाना पुलिस ने खुलासा करते हुए सचिन प्रजापत (21) निवासी कोलवा जिला दौसा को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी राकेश ख्यालिया ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को परिवादी की दुकान पर काम करता था। उसे दुकान के व्यापारिक लेन-देन और नकदी रखने के स्थान की पूरी जानकारी थी।पुलिस जांच में सामने आया कि 17 जून को दुकान में व्यापारिक लेन-देन के दौरान बडी राशि गल्ले में रखी गई थी। रकम देखकर आरोपी के मन में लालच आ गया। उसने मालिक से घर जाने की बात कही, लेकिन चुपचाप अपनी चप्पलें उठाकर दुकान के अंदर ही एक सुरक्षित स्थान पर छिप गया।

रात करीब 8.45 बजे दुकान मालिक के दुकान बंद कर घर जाने के बाद आरोपी अपनी छिपने की जगह से बाहर निकला। उसने दुकान की तलाशी ली और गल्ला तोड़कर उसमें रखे करीब 10 लाख रुपए निकाल लिए।

वारदात के बाद दुकान से बाहर निकलने के लिए आरोपी ने दुकान में रखी साड़ियों को आपस में बांधकर एक लंबी रस्सी बनाई। उसने पीछे की खिड़की खोली और रस्सी के सहारे नीचे उतरने का प्रयास किया, लेकिन रस्सी जमीन तक नहीं पहुंच सकी।

पुलिस के अनुसार काफी ऊंचाई होने के बावजूद आरोपी ने नीचे छलांग लगा दी, जिससे उसके दोनों पैर फ्रैक्चर हो गए। गंभीर चोट लगने के बावजूद वह चोरी की रकम लेकर वहां से फरार होने में सफल रहा। टीम में थानाधिकारी राकेश ख्यालिया, सहायक उपनिरीक्षक सोहनलाल, हेड कांस्टेबल हरदयाल सिंह, कांस्टेबल गिरधर सिंह तथा कांस्टेबल छीतरमल शामिल रहे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की रकम में से 7.90 लाख रुपए बरामद कर लिए। पुलिस अब आरोपी से शेष राशि के संबंध में पूछताछ कर रही है तथा यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि चोरी की बची हुई रकम कहां खर्च या छिपाई गई है।

गौरतलब है कि परिवादी प्रदीप मुलराजानी (46) निवासी आदर्श नगर, जयपुर ने बताया कि उनकी फर्म एम/एस पीताम्बर अटायर एलएलपी रतनश्री हाउस, रामलालजी का रास्ता, जौहरी बाजार में संचालित है, जहां फैब्रिक कुर्ती का व्यवसाय किया जाता है। उन्होंने 17 जून की रात करीब 8.45 बजे दुकान बंद की थी।

परियोजनाओं की स्वीकृति से लेकर कार्यादेश तक सभी प्रक्रियाओं को स्ट्रीम लाइन करें- भजनलाल

राज उन्नति की बैठक में खाटू श्याम जी मंदिर को भव्य स्वरूप प्रदान करने के निर्देश दिए

जयपुर, 19 जून। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पानी, बिजली, चिकित्सा, सड़क सहित, जनसुविधाओं से जुड़े किसी भी काम में प्रशासनिक शिथिलता के कारण देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में ''राज उन्नति'' की छठी बैठक में कहा कि आमजन को

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्रीगंगानगर जिले में एक ही भूमि के दो पट्टे जारी किए जाने पर व जन सुविधा की आरक्षित भूमि पर व्यवसायिक पट्टा देने के प्रकरण में यूआईटी सचिव सहित 6 कार्मिकों को निलंबित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित राज उन्नति की छठी बैठक में अधिकारियों दिशा-निर्देश दिए।

योजनाओं और विकास परियोजनाओं का निरन्तर लाभ मिलना चाहिए। निविदा प्रक्रिया में देरी या किसी भी अन्य कारण से इनमें रूकावट आई तो अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने सांगानेर में सीईटीपी के पम्पिंग स्टेशन और पाइप-लाइन के काम में देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अधिकारी मौके पर जाकर मुआयना करें और शीघ्रता से काम पूरा करवाएं। उन्होंने कहा कि देखने में आया है कि बडी परियोजनाओं में स्वीकृतियां, भूमि अधिग्रहण, निविदा प्रक्रिया और कार्यादेश जारी करने में लम्बा समय लगता है। उन्होंने मुख्य सचिव को इन प्रक्रियाओं को स्ट्रीमलाइन कर परियोजनाओं में लगने वाले समय को कम करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने श्रीगंगानगर जिले में एक ही भूमि के दो पट्टे जारी किए जाने पर, तथा जनसुविधा हेतु आरक्षित भूमि पर व्यावसायिक पट्टे जारी किए जाने के प्रकरण में यूआईटी सचिव सहित, इस प्रकरण में संलिप्त आधा दर्जन से अधिक कार्मिकों को निलंबित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की जिलेवार रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने 7 विभागों की 8 परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इन परियोजनाओं को मिशन मोड पर पूर्ण जिम्मेदारी से तय समय सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग और आरएसआरडीसी के अधिकारी निर्धारित ब्लू प्रिंट के अनुसार कार्य करते हुए खाटूश्याम जी मंदिर को भव्य स्वरूप प्रदान करें।

उन्होंने सचिवालय में स्थानाभाव को देखते हुए, जयपुर के लालकोठी क्षेत्र में प्रस्तावित कर्मयोगी भवन स्थापना की कार्ययोजना की समीक्षा की तथा आरएसआरडीसी को निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ करने के निर्देश दिए।

इस दौरान मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज उन्नति की पूर्व बैठकों में मुख्यमंत्री के निर्देशों की अनुपालना की प्रगति की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि हर माह होने वाली राज उन्नति की बैठक में मुख्यमंत्री वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से सीधे संवाद कर प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा करते हैं तथा समस्या का वास्तविक समय में समाधान किया जाता है।

पार्टी की सदस्यता छोड़ने पर संसद की सदस्यता भी चली जाती है- अभिषेक बनर्जी

नई दिल्ली, 19 जून। तृणमूल कांग्रेस नेता अभिषेक बनर्जी ने शुक्रवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से संसद भवन में मुलाकात की। मुलाकात में उन्होंने अध्यक्ष से अनुरोध किया कि तृणमूल से अलग होने की बात कहने वाले धड़े को मान्यता नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान स्पष्ट कहता है कि पार्टी की सदस्यता छोड़ने

- तृणमूल नेता ने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर अलग होने वाले धड़े को मान्यता नहीं देने का अनुरोध किया

पर संसद की भी सदस्यता चली जाती है।

अभिषेक बनर्जी को इससे पहले 15 जून को लोकसभा अध्यक्ष से मिलना था। लेकिन कोलकाता में ईडी के समन के कारण मुलाकात संभव नहीं हो पाई। लोकसभा अध्यक्ष ने उन्हें आज 5 बजे मिलने का समय दिया था। मुलाकात के दौरान अभिषेक के साथ कल्याण बनर्जी, सौगत राय, महुआ मोइत्रा और डेरेक ओ ब्रायन भी थे।

लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में अभिषेक बनर्जी ने बताया कि उन्होंने पार्टी से अलग होने की बात कहने वाले धड़े को मान्यता नहीं दिए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने इसके पक्ष में दो तर्क रखे। उन्होंने कहा कि पार्टी के अलग समूह बनाने वाले सदस्यों में से कुछ ने दूसरी पार्टी जॉइन की है। ऐसे में वे तृणमूल कांग्रेस के सदस्य नहीं रहे।

नीट री-एग्ज़ाम अभ्यर्थियों के लिए एनटीए ने एडवायज़री जारी की

एडवायज़री में ड्रैस कोड के अलावा कौन सी वस्तुएं ले जा सकते हैं, कौन सी नहीं, यह भी बताया गया है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 जून। नैशनल टैस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नीट यूजी 2026 के 21 जून को होने वाले री-एग्जाम में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए एक एडवाइज़री जारी की है, जिसमें परीक्षा केन्द्रों पर पालन किए जाने वाले ड्रेस कोड, अनुमति प्राप्त वस्तुएं और सुरक्षा प्रोटोकॉल की जानकारी दी गई है। एजेंसी ने उम्मीदवारों से अपील की है कि वे परीक्षा के सुचारु और सुरक्षित संचालन के लिए सभी निर्देशों का पालन करें।

परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए निम्न दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं- पानी की पारदर्शी बोतल परीक्षा हॉल के अंदर ले जाने की अनुमति है। उम्मीदवार अपना एडमिट कार्ड बारिश में भीगने या किसी अन्य नुकसान से बचाने के लिए पारदर्शी प्लास्टिक पाउच में ले जा सकते हैं। उम्मीदवार आस्था से जुड़े वस्त्र या प्रतीक पहन सकते हैं, जैसे धार्मिक प्रतीक, कलावा, पगड़ी, हिजाब आदि। लेकिन, इसके लिए उन्हें समय से पहले परीक्षा केन्द्र पर रिपोर्ट करना होगा, ताकि उचित जांच (फ्रिस्किंग) की जा सके। बेहतर होगा कि हल्के कपड़े पहनें, लेकिन आवश्यकता होने पर उम्मीदवार फुल स्लीव कपड़े या ऊनी वस्त्र पहन सकते हैं, लेकिन उनकी अतिरिक्त सुरक्षा जाँच होगी। इसी प्रकार, चप्पल और कम हील वाले जूते पहनना बेहतर है। लेकिन हाई हील जूते भी पहने जा सकते हैं, किन्तु इन उम्मीदवारों की अतिरिक्त जांच हो सकती है।

- दिशा-निर्देशों के अनुसार, पारदर्शी पानी की बोतल ले जा सकते हैं, एडमिट कार्ड को प्लास्टिक के पाउच में रख सकते हैं, पर किसी भी प्रकार के इलैक्ट्रोनिक उपकरण, मोबाइल फोन, इयर फोन, स्मार्ट वॉच, बड़े बैल्ट बकल, धातु के आभूषणों आदि पर रोक है।
- इसके अलावा अभ्यर्थी चाहे तो धार्मिक चिन्ह कलावा, पगड़ी, हिजाब आदि पहन सकता है, पर इसके लिए उन्हें निर्धारित समय से पहले आना होगा ताकि उनकी तलाशी प्रक्रिया हो सके।
- हाई हील के जूते-चप्पल भी पहने जा सकते हैं और पूरी बाजू के वस्त्र या गर्म कपड़ों की भी अनुमति है, पर इनकी भी विशेष तलाशी होगी।

एनटीए ने परीक्षा हॉल में इन वस्तुओं को ले जाने पर रोक लगाई है: मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, ईयरफोन, किसी भी प्रकार के संचार उपकरण, धातु की वस्तुएं, बड़े बेल्ट बकल, भारी आभूषण तथा अन्य ऐसी वस्तुएं, जो सुरक्षा जांच में बाधा डाल सकती हैं परीक्षण एजेंसी ने कहा है कि परीक्षा हॉल में प्रवेश से पहले, सभी उम्मीदवारों की अनिवार्य रूप से तलाशी (फ्रिस्किंग) ली जाएगी। उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे निर्धारित रिपोर्टिंग समय पर अपने परीक्षा केन्द्र पहुंचें, ताकि सुरक्षा जांच समय पर पूरी हो सके और अंतिम समय की परेशानी से बचा जा सके।

राहुल अब मुस्कुराकर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)?

तमिलनाडु में कांग्रेस को एक नया सहयोगी मिल गया है और कई दशकों बाद कांग्रेस राज्य की सत्ता का हिस्सा बनी है।

मुलायम सिंह यादव अब इस दुनिया में नहीं हैं और अखिलेश यादव राहुल गांधी के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं, क्योंकि उन्हें कांग्रेस के मुस्लिम, दलित और कमजोर वर्गों के वोटों की आवश्यकता है।

लालू यादव भी अपने राजनीतिक जीवन के अंतिम चरण में हैं और उनके पुत्र तेजस्वी यादव ने राहुल गांधी को नेता के रूप में स्वीकार कर लिया है।

पिछले एक वर्ष में हुए इन बदलावों ने विपक्ष के बीच राहुल गांधी की स्थिति और छवि को मजबूत करने का काम किया है।

शिक्षा क्षेत्र, नीट, सीबीएसई, बेरोजगारी और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर मोदी सरकार के खिलाफ राहुल गांधी के हालिया हमलों को नई पीढ़ी, यानी जनरेशन-ज़ैड का समर्थन मिल रहा है। यह वही युवा वर्ग है, जो उभरते हुए भारत का प्रतिनिधित्व करता है लेकिन वर्तमान परिस्थितियों से नाराज़ तथा निराश है।

कांग्रेस के अधिक से अधिक कार्यकर्ता और नेता राहुल गांधी को भारत का अगला प्रधानमंत्री बनने की शुभकामनाएं दे रहे हैं और अब वे इसे मुस्कुराकर स्वीकार कर रहे हैं।

उन्होंने 2004 में राजनीति में प्रवेश किया, लोकसभा चुनाव लड़ा और सांसद बने। तब से अब तक उनकी राजनीतिक यात्रा लंबी, कठिन और उतार-चढ़ाव से भरी रही है, जिसमें उपलब्धियों से अधिक असफलताएं रही हैं। लेकिन आज उनके 56वें जन्मदिन के समारोह में वे जिस आत्मविश्वास और दृढ़ता से भरे दिखाई दिए, उससे स्पष्ट था कि पार्टी के भीतर और बाहर, दोनों जगह वे अब अपनी स्थिति को लेकर पहले से कहीं अधिक आश्वस्त हैं।

संभव है कि वे अगले एक-दो दिन में विदेश यात्रा पर चले जाएं, लेकिन पिछले वर्ष से वे अपना जन्मदिन कांग्रेस पार्टी के साथ ही मना रहे हैं।

अमेरिका-ईरान ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जिसमें 18 लोगों की मृत्यु हुई। ईरान ने लेबनान में हिंसा और हमलों को रोकने की शर्त के उल्लंघन की ओर इशारा किया, जिसे समझौते को अंतिम रूप देने के लिए आवश्यक माना गया था।

इसके बाद, ईरान जिनेवा वार्ताओं से अलग हो गया, वार्ता में शामिल होने के लिए उपराष्ट्रपति वेंस शुक्रवार को स्विट्ज़रलैंड जाने वाले थे। ईरान के हटने के बाद वेंस को अपना स्विट्ज़रलैंड दौरा रद्द करना पड़ा और स्थिति फिर से पहले जैसी अनिश्चित हो गई है।

इज़रायल और हिज़्बुल्लाह, दोनों ही ईरान और अमेरिका के बीच की वार्ता प्रक्रिया से स्वयं को बाहर महसूस कर रहे थे, क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच समझौता लगभग अंतिम चरण में था। इज़रायल का मानना था कि उसे शामिल नहीं किया गया, जबकि हिज़्बुल्लाह को लगा कि उसका समर्थक रहा ईरान उसके हितों को नज़रअंदाज़ कर समझौता कर रहा है।

वार्ता के बाधित होने से विश्व और कई देशों की अर्थव्यवस्थाओं और लोगों की खुशहाली पर गंभीर प्रभाव पड़ सकते हैं। युद्ध और तनाव के कारण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़ से तेल की आपूर्ति रुक गई थी, जिससे तेल की कीमतें बढ़कर लगभग 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुँच गई थीं।

भारत भी ईरान संकट से गंभीर रूप से प्रभावित हुआ, क्योंकि तेल और खासकर एलएनजी (ससोई गैस) की आपूर्ति लगभग बंद हो गई थी। युद्ध शुरू होने के बाद रसोई गैस की कीमतें तेजी से बढ़ीं, जिससे भारतीय परिवारों पर आर्थिक दबाव बढ़ गया।

आज एक टैंकर भारत पहुँचा है, जो स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़ के रास्ते तेल लेकर आया है। शुक्रवार को 25 जहाज़ इस जलमार्ग से गुज़रे, जो पहले की तुलना में बड़ा सुधार है, जब लगभग कोई आवाजाही संभव नहीं थी। ईरान ने कहा है कि वह इस जलमार्ग से गुजरने वाले जहाज़ों को मुफ्त समुद्री सेवाएँ प्रदान करेगा।

अमेरिका-ईरान समझौते के अनुसार, समुद्री मार्ग पूरी तरह से खोला जाना था और ईरान बिना किसी शुल्क के जहाज़ों को गुजरने देगा। यह वही व्यवस्था थी जो युद्ध शुरू होने से पहले थी।

चौदह बिंदुओं वाले इस समझौते में ईरान की परमाणु कार्यक्रम ने आगे न बढ़ाने की प्रतिबद्धता, नुकसान की भरपाई और ईरानी अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए 300 अरब डॉलर का पुनर्निर्माण कोष, और अमेरिका द्वारा सभी प्रतिबंध हटाने का प्रावधान शामिल था।

यह समझौता ईरान को कई रियायतें देता है, जिसमें सभी प्रतिबंधों का हटना और वैश्विक बाजारों तक पहुंच बहाल होना शामिल है। लेकिन अब हिज़्बुल्लाह की कार्रवाई के कारण ईरान इन लाभों को खोने की स्थिति में है।

दूसरी ओर, इज़रायली सरकार पर दक्षिणपंथी समूहों का भारी दबाव है, जो इज़रायली सैनिकों की मौत के लिए हिज़्बुल्लाह को कठोर सज़ा देने की मांग कर रहे हैं।

दोनों पक्षों का रुख सख्त होने के कारण, शांति प्रक्रिया के बाधित होने की आशंका और बढ़ गई है।

कॉकरोच जनता पार्टी का जंतर-मंतर पर प्रदर्शन आज

